उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 52 /01/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/08-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 07 अप्रैल, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2024, अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/08 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन अवर अभियंता (सिविल) / सहायक विकास अधिकारी (अवर अभियंता, सिविल) के कुल 4612 पदों पर चयन के लिए आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 07-03-2026 के माध्यम से प्रश्नगत विज्ञापन की मुख्य परीक्षा दिनांक 03-05-2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित किये जाने सम्बन्धी सूचना प्रकाशित की गयी थी एवं आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-49/09/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025-26/08-परीक्षा/2024, दिनांक 01-04-2026 द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया गया था।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये 26205 अभ्यर्थियों को एतद्‌द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनारक्षित व अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को 200 रू0 तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को 80 रू० ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं होगा।

मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Main Examination Fee Deposition विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए शुल्क जमा करने की कार्यवाही पूर्ण कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से यथासमय सूचित किया जाएगा।

07/04/2026
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।